[This question paper contains 24 printed pages.]

Your Roll No..............

Sr. No. of Question Paper : 1503 G

Unique Paper Code : 2412092302

Name of the Paper : Financial Management

Name of the Course : B.Com. (Hons) (UGCF)

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Attempt **all** questions.
3. Use of Simple calculator and Table of PV/FV is permitted.
4. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

P.T.O.

2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

3. साधारण कैलकुलेटर उपयोग की अनुमति है और PV/FV टेबल मान्य है ।

4. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

1. (a) "Wealth maximisation is a better criterion than Profit maximisation" Do you agree? Explain. (4)

(b) An investor deposits a sum of ₹2,00,000 in a bank account on which interest is credited @ 10% p.a. How much amount can be withdrawn annually for a period of 15 years? (5)

Or

(a) What is meant by the phrase "present value of a future amount"? How are the present values calculated? (4)

(b) A finance company makes an offer to deposit a sum of ₹11000 and then receive a return of ₹800 p.a. perpetually. Should this offer be accepted if the rate of interest is 8%? Will the decision change if the rate of interest is 6%? (5)

2. (a) Why is it possible for IRR and NPV methods to result in different ranking of investment proposals? Which will you prefer in which situation and why? (6)

(b) ACC Ltd. has a machine which was purchased five years ago for Rs. 10,00,000 has a book value of Rs. 4,00,000 and has remaining useful life of five years. A new machine costing Rs. 20,00,000 is available. It has the same capacity as that of old machine but will result in saving of variable cost to the extent of Rs. 7,00,000 per annum. The

new machine also has a life of five years after which it can be disposed of for Rs. 2,00,000. The income tax rate is 40% applicable on both revenue as well as capital income and the expected return on investment is 12% p.a. The old machine, if sold today, will realize Rs. 1,00,000 and is not going to have any salvage value five years from now. Straight line method of depreciation is to be used. Advise if the company should replace the old machine with the new one or not? (12)

**Or**

(a) "The Payback period is more a method of liquidity rather than profitability". Explain the statement explaining payback method of capital budgeting. Also explain how discounted Payback period is an improvement over traditional payback period method? (6)

(b) The management of a company has two alternative proposals under consideration. Project A involves a capital outlay of Rs. 12,00,000 while Project B involves a capital outlay of Rs. 18,00,000. Both are estimated to generate cash flows for five years. Cash flows for Project A are Rs. 4,00,000 per annum and for Project B are Rs. 5,80,000. The cost of capital is 10%. Determine which of the two projects should be selected on the basis of:

(i) Net Present Value method; and

(ii) Profitability Index method.

In case of conflict, which criteria should be followed and why? (12)

3. (a) Star. Ltd. and Bucks Cafe. Ltd. are in the same risk class and are identical in all respects except

that company Star uses debt while company Bucks Cafe does not use debt. The levered firm has ₹11,00,000 debentures carrying 10% rate of interest. Both the firms earn 20% operating profit on their total assets of ₹20 lakhs. Both companies have same capitalisation rate of 15% on all equity shares. You are required to compute the value of Star Ltd. and Bucks Cafe Ltd. using Net Income approach. (9)

(b) Lens kart company has the following capital structure on 1 July 2023 :

| | |
|---|---|
| Equity Shares (4,00,000) | ₹ 90,00,000 |
| 10% Preference Shares | 20,00,000 |
| 10% Debentures | 60,00,000 |
| | 1,70,00,000 |

The share of a company currently sells for ₹25. It is expected that the company will pay a dividend

of ₹2.50 per share which will grow at 7 percent forever. Assume a 30 percent tax rate. You are required to compute a weighted average cost of capital on existing capital structure. (9)

(c) Why must the finance manager keep in mind the degree of financial leverage in evaluating various financing plans? When does financial leverage become favourable? Explain the purpose of measuring operating leverage is different from that of financial leverage. (9)

**Or**

(a) Explain the Traditional approach and Net Operating Income approach to Capital Structure. (9)

(b) The following information is available in respect of two firms, Arti Ltd. and Bharti Ltd. :

| (Figures in Lacs) | | |
|---|---|---|
| | Arti Ltd. | Bharti Ltd. |
| Sales | 1000 | 2000 |
| —Variable Cost | 500 | 1000 |
| Contribution | 500 | 1000 |
| —Fixed Cost | 150 | 400 |
| EBIT | 350 | 600 |
| —Interest | 50 | 100 |
| Profit before Tax | 300 | 500 |

You are required to calculate different leverages for both the firms and also comment on their relative risk position. (9)

(c) Bajaj Limited has the following capital structure:

| Particulars | Rs. |
|---|---|
| Equity share capital (2,00,000 shares) | 50,00,000 |
| 6% Preference shares | 10,00,000 |
| 8% Debentures | 30,00,000 |
| | 90,00,000 |

The market price of the company's equity share is Rs. 200. It is expected that company will pay a dividend of Rs. 2 per share at the end of current year, which will grow at 8 percent for ever. The tax rate is 30 percent. You are required to compute a weighted average cost of capital on existing capital structure. And find out the cost of preference share capital if the preference shares are redeemable after 15 years at a premium of 10%. (9)

4. (a) Explain Gordon's Model of Dividend decision. What are its assumptions? Is the value of firm affected by its dividend policy as per this model? (6)

(b) As per MM approach the payment of dividend does not affect the value of firm. Use the data given below to prove this statement.

| | |
|---|---|
| Number of outstanding shares | 50,000 |
| Earnings per share | Rs. 10 |
| $K_e$ | 10% |
| $P_0$ | Rs. 100 |
| Expected dividend per share | Rs. 5 |
| New Investment | Rs. 10,00,000 |

(12)

Or

(a) What do you mean by stability of dividend? Why do firms follow a policy of stable dividend? (6)

(b) The following information is collected from the LMN Ltd:

| | |
|---|---|
| Number of equity shares | Rs. 6,00,000 |
| Earning of Firm | Rs. 36,00,000 |
| Return of Investment | 22.5% |
| Cost of Equity | 15% |

As per Walter model, (i) What would be the optimum dividend payout ratio? Determine the market price of shares at the (ii) Dividend payout ratio is zero and (iii) Dividend payout ratio is 100%. And (iv) What would be the dividend payout ratio, if share price is Rs. 50. (12)

5. (a) Discuss the consequences of lengthening and shortening of the credit period by a firm. (6)

(b) M/s Anil and Co. approached their bankers for their working capital requirements. Find out the working capital required by the company based upon the following projections –

| | |
|---|---|
| Annual Sales - | Rs. 14,40,000 |
| Cost of Production - | Rs. 12,00,000 |
| Raw Material Purchases - | Rs. 7,05,000 |
| Anticipated Opening Stock of Raw Material - | Rs. 1,40,000 |
| Anticipated Closing Stock of Raw Material - | Rs. 1,25,000 |
| Inventory Norms – | |
| Raw Material - | 2 Months |
| Work in Progress - | 15 days |
| Finished Goods - | 1 Month |

The firm enjoys a credit of 15 days on its purchases and allows one month credit on its sales. There is an advance of Rs. 15000 received by the company on sales order. (12)

Or

(a) What do you mean by Working Capital? Discuss the determinants of working capital needs of the firm. (6)

(b) A company sells a product @ Rs. 300 per unit with a variable cost of Rs. 200 per unit. The fixed cost amounts to Rs. 6,25,000 per annum and the total annual sales are Rs. 75,00,000. The company extends one-month credit to its customers. It is estimated that if the present credit facility of one month is doubled to two months, the sales are estimated to reach a level of Rs. 81,00,000 annually. The company expects a return on investment of at least 20% prior to taxation. Justify by calculation that this change in policy is beneficial for the company. (12)

1. (क) "लाभ अधिकतमकरण की तुलना में धन अधिकतमकरण एक बेहतर मानदंड है" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए। (4)

(ख) एक निवेशक एक बैंक खाते में 2,00,000 की धनराशि जमा करता है जिस पर 10% प्रति वर्ष की दर से ब्याज जमा किया जाता है। 15 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक आधार पर कितनी धनराशि निकाली जा सकती है? (5)

अथवा

(क) वाक्यांश "भविष्य की धनराशियों का वर्तमान मूल्य" का क्या अर्थ है' वर्तमान मूल्यों की गणना कैसे की जाती है? (4)

(ख) एक फाइनेंस कंपनी 11,000 की धनराशि जमा करने का ऑफर देती है और फिर 800 प्रति वर्ष की वापसी प्राप्त करती है। यदि ब्याज दर 8% है तो क्या इस प्रस्ताव को स्वीकार किया जाना चाहिए? क्या ब्याज दर 6% होने पर निर्णय बदल जाएगा? (5)

2. (क) आईआरआर और एनपीवी विधियों के परिणामस्वरूप निवेश प्रस्तावों की अलग-अलग रैंकिंग क्यों संभव होती है? आप किस स्थिति में किसे पसंद करेंगे और क्यों? (6)

(ख) ACC Ltd. के पास एक मशीन है जिसे पाँच वर्ष पूर्व 10,00,000 रुपये में खरीदा गया था, जिसकी बुक वैल्यू 4,00,000 रुपये है और इसकी शेष उपयोगिता अवधि पाँच वर्ष है। 20,00,000 रुपये की लागत वाली एक नई मशीन उपलब्ध है। इसमें पुरानी मशीन के समान क्षमता है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप

प्रति वर्ष 7,00,000 रुपये की परिवर्तनीय लागत की बचत होगी। नई मशीन की उपयोगिता अवधि भी पाँच वर्ष है जिसके बाद इसे 2,00,000 रुपये में निपटाया जा सकता है। आयकर की दर राजस्व और पूंजीगत आय दोनों पर 40% लागू है और निवेश पर अपेक्षित रिटर्न 12% प्रति वर्ष है। पुरानी मशीन, अगर आज बेची जाती है, तो 1,00,000 रुपये की वसूली होगी और अब से पाँच वर्ष बाद इसका कोई अवशिष्ट मूल्य नहीं होगा। मूल्यह्रास की सीधी रेखा विधि का उपयोग किया जाना है। सुझाव दीजिए कि क्या कंपनी को पुरानी मशीन को नई मशीन से बदलना चाहिए या नहीं? (12)

**अथवा**

(क) "निवेश वापसी अवधि लाभप्रदता के बजाय तरलता का एक तरीका है"। पूंजीगत बजट की पुनर्भुगतान विधि को स्पष्ट करने वाले कथन को स्पष्ट कीजिए। यह भी बताइए कि पारंपरिक निवेश वापसी अवधि विधि की तुलना में रियायती निवेश वापसी अवधि कैसे बेहतर है? (6)

(ख) एक कंपनी के प्रबंधन के पास दो वैकल्पिक प्रस्ताव विचाराधीन हैं। परियोजना A में 12,00,000 रुपये का पूंजीगत परिव्यय शामिल है जबकि परियोजना B में 18,00,000 रुपये का पूंजीगत परिव्यय शामिल है। दोनों से पाँच वर्ष तक नकदी प्रवाह सृजित होने का अनुमान है। परियोजना A के लिए नकदी प्रवाह 4,00,000 रुपये प्रति वर्ष और परियोजना B के लिए 5,80,000 रुपये है। पूँजीगत लागत 10% है। निर्धारित कीजिए कि दोनों परियोजनाओं में से किसे और किस आधार पर चुना जाना चाहिए :

(i) निवल वर्तमान मूल्य पद्धतिय और

(ii) लाभप्रदता सूचकांक विधि।

टकराव की स्थिति में किन मानदंडों का पालन किया जाना चाहिए और क्यों? (12)

3. (क) स्टार लिमिटेड और बक्स कैफे लिमिटेड एक ही जोखिम वर्ग में हैं और सभी मामलों में समान हैं, सिवाय इसके कि कंपनी स्टार लिमिटेड ऋण का उपयोग करती है जबकि कंपनी बक्स कैफे

लिमिटेड ऋण का उपयोग नहीं करती है। कंपनी के पास 11,00,000 डिबेंचर हैं जिन पर 10 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलता है। दोनों कंपनियां ₹20 लाख की कुल संपत्ति पर 20% परिचालन लाभ अर्जित करती हैं। दोनों कंपनियों के सभी इक्विटी शेयरों पर 15% की समान पूंजीकरण दर है। आपको निवल आय दृष्टिकोण का उपयोग करके स्टार लिमिटेड और बक्स कैफे लिमिटेड के मूल्यांकन की गणना करनी है। (9)

(ख) लेंसकार्ट कंपनी की 1 जुलाई 2023 को निम्नलिखित पूंजी संरचना है :

| | |
|---|---|
| इक्विटी शेयर (4,00,000) | ₹90,00,000 |
| 10% अधिमानी शेयर | 20,00,000 |
| 10% डिबेंचर | 60,00,000 |
| | 1,70,00,000 |

किसी कंपनी का शेयर वर्तमान में ₹25 का बिकता है। उम्मीद है कि कंपनी ₹12.50 प्रति शेयर का लाभांश देगी जो निरंतर के लिए 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा। 30 प्रतिशत कर की दर मान लीजिए। आपको मौजूदा पूँजी संरचना पर पूँजी की भारित औसत लागत की गणना करनी है। (9)

(ख) वित्त प्रबंधक को विभिन्न वित्तपोषण योजनाओं का मूल्यांकन करने में वित्तीय उत्तोलन के स्तर को क्यों ध्यान में रखना चाहिए? वित्तीय लाभ कब अनुकूल हो जाता है? स्पष्ट कीजिए कि परिचालनगत लाभ को मापने का उद्देश्य वित्तीय उत्तोलन से अलग है। (9)

अथवा

(क) पूँजीगत संरचना के लिए पारंपरिक दृष्टिकोण और शुद्ध परिचालन आय दृष्टिकोण की व्याख्या कीजिए। (9)

(ख) दो कंपनियों आरती लिमिटेड और भारती लिमिटेड के संबंध में निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध है :

| (आंकडे लाख में) | | |
|---|---|---|
| | आरती लि. | भारती लि. |
| बिक्री | 1000 | 2000 |
| — परिवर्ती लागत | 500 | 1000 |
| अंशदान | 500 | 1000 |
| स्थायी लागत | 150 | 400 |
| ईबीआईटी | 350 | 600 |
| ब्याज | 50 | 100 |
| कर पूर्व लाभ | 300 | 500 |

आपको दोनों फर्मों के लिए अलग-अलग उत्तोलन की गणना करने और उनकी सापेक्ष जोखिम स्थिति पर भी टिप्पणी करनी है। (9)

(ख) बजाज लिमिटेड की पूँजीगत संरचना निम्नलिखित है :

| विवरण | रु. |
|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी (2,00,000 शेयर) | 50,00,000 |
| 6% अधिमानी शेयर | 10,00,000 |
| 8% डिबेंचर | 30,00,000 |
| | 90,00,000 |

कंपनी के इक्विटी शेयर का बाजार मूल्य 200 रुपये है। यह उम्मीद की जाती है कि कंपनी चालू वर्ष के अंत में 2 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देगी, जो निरंतर 8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। कर की दर 30 प्रतिशत है। आपको एक मौजूदा पूँजीगत संरचना की पूँजी की भारित औसत लागत की गणना करनी है। यदि अधिमानी शेयर 10% के प्रीमियम पर 15 वर्षों के बाद मोचनीय हैं, तो अधिमानी शेयर पूँजी की लागत ज्ञात कीजिए। (9)

4. (क) गॉर्डन के लाभांश निर्णय मॉडल की व्याख्या कीजिए। इसकी धारणाएं क्या हैं? क्या इस मॉडल के अनुसार फर्म का मूल्य उसकी लाभांश नीति से प्रभावित होता है? (6)

(ख) एमएम दृष्टिकोण के अनुसार लाभांश का भुगतान फर्म के मूल्य को प्रभावित नहीं करता है। इस कथन को साबित करने के लिए नीचे दी गई जानकारी का उपयोग कीजिए।

अशोधित शेयरों की संख्या 50000

| | |
|---|---|
| प्रति शेयर अर्जन | रु. 10 |
| $K_e$ | 10% |
| $P_0$ | रु. 100 |
| प्रति शेयर संभावित लाभांश | रु. 5 |
| नया निवेश | 10,00,000 |

(12)

अथवा

(क) लाभांश की स्थिरता से आप क्या समझते हैं? कंपनियां स्थिर लाभांश की नीति का पालन क्यों करती हैं? (6)

(ख) LMN Ltd. से निम्नलिखित जानकारी प्राप्त की गई है:

| | |
|---|---|
| इक्विटी शेयरों की संख्या | रु. 6,00,000 |
| फर्म की आय | रु. 36,00,000 |
| निवेश पर प्रतिफल | 22.5% |
| इक्विटी की लागत | 15% |

वाल्टर मॉडल के अनुसार, (i) इष्टतम लाभांश भुगतान अनुपात

क्या होगा? निम्नलिखित स्थिति में शेयरों का बाजार मूल्य निर्धारित कीजिए, (ii) लाभांश भुगतान अनुपात शून्य है और (iii) लाभांश भुगतान अनुपात 100% है। और (iv) यदि शेयर की कीमत 50 रुपये है, तो लाभांश भुगतान अनुपात क्या होगा? (12)

5. (क) ऋण अवधि को लंबा और छोटा करने के परिणामों पर चर्चा कीजिए। (6)

(ख) M/s अनिल एंड कंपनी ने अपनी कार्यशील पूँजी आवश्यकताओं के लिए अपने बैंकरों से संपर्क किया। निम्नलिखित अनुमानों के आधार पर कंपनी द्वारा आवश्यक कार्यशील पूँजी ज्ञात कीजिए :

| | |
|---|---|
| वार्षिक बिक्री – | रु. 14,40,000 |
| उत्पादन की लागत – | रु. 12,00,000 |
| कच्चे माल की खरीद – | रु. 7,05,000 |
| कच्चे माल का प्रत्याशित प्रारंभिक स्टॉक – | रु. 1,40,000 |

कच्चे माल का प्रत्याशित अंतिम स्टॉक - 1,25,000

इन्वेंट्री मानदंड -

कच्चा माल - 2 महीने

कार्य प्रगति पर है - 15 दिन

तैयार माल - 1 महिने

फर्म अपनी खरीद पर 15 दिनों के क्रेडिट का लाभ लेती है और अपनी बिक्री पर एक महीने के क्रेडिट की अनुमति देती है। बिक्री आदेश पर कंपनी को 15000 रुपये का अग्रिम मिलता है।

(12)

अथवा

(क) कार्यशील पूँजी से क्या तात्पर्य है? फर्म की कार्यशील पूँजी आवश्यकताओं के निर्धारकों पर चर्चा कीजिए। (6)

(ख) एक कंपनी 200 रुपये प्रति यूनिट की परिवर्तनीय लागत के साथ एक उत्पाद 300 रुपये प्रति यूनिट की दर से बेचती है। निश्चित लागत 6,25,000 रुपये प्रति वर्ष है और कुल वार्षिक बिक्री

75,00,000 रुपये है। कंपनी अपने ग्राहकों को एक महीने का क्रेडिट देती है। यह अनुमान लगाया गया है कि यदि एक महीने की वर्तमान क्रेडिट सुविधा को दोगुना करके दो महीने कर दिया जाता है, तो बिक्री सालाना 81,00,000 रुपये के स्तर तक पहुँचने का अनुमान है। कंपनी को कराधान से पहले निवेश पर कम से कम 20% के प्रतिफल की उम्मीद है। गणना द्वारा सिद्ध कीजिए कि नीति में यह बदलाव कंपनी के लिए लाभकारी है। (12)